# वैध की जाएगी अवैध कॉलोनी



## कॉलोनीवासियों ने सौंपा विधायक को ज्ञापन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रताप नगर ओव्हर ब्रीज के समीप धानासुता रोड पर विकसित अवैध कॉलोनी को वैध किया जाए। यह मांग कॉलोनीवासियों ने विधायक चेतन्य काश्यप को बुधवार को ज्ञापन सौंपकर की। विधायक काश्यप ने भरोसा दिया कि ने नियमों के अंतर्गत अवैध कॉलोनी को वैध किया जाएगा। इसकी कार्यवाही जल्द शुरू होगी।

कॉलोनीवासियों का प्रतिनिधि मंडल भाजपा के मंडल महामंत्री राकेश परमार के नेतृत्व में विधायक काश्यप से मिला और उन्हें कॉलोनी की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल में मीडिया प्रभारी नितेश सोनी, दिलीप धाकड़, बीडी परमार, नारायणसिंह, संजय राठौर, दिलीप गुजराती, गोपाल सिंह, विनोद, सुनिल, पवन प्रजापत, राजेश मीणा आदि शामिल थे। पत्रिका

पत्रिका 10/2/22

# नियमानुसार वैध की जाएगी अवैध कालोनी

## कालोनीवासियों ने शहर विधायक काश्यप को ज्ञापन सौंपा



: विधायक चेतन्य काश्यप को ज्ञापन सौंपते हुए कालोनीवासी। ● नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि। प्रताप नगर ओवर ब्रिज के समीप धानासुता रोड पर विकसित अवैध कालोनी को वैध किया जाए। यह मांग कालोनीवासियों ने विधायक चेतन्य काश्यप को ज्ञापन सौंपकर की। काश्यप ने आश्वस्त किया कि नए नियमों के तहत अवैध कालोनी को वैध किया जाएगा। इसकी कार्यवाही जल्द आरंभ होगी। कालोनीवासियों का प्रतिनिधिमंडल भाजपा के मंडल महामंत्री राकेश परमार के नेतृत्व में विधायक काश्यप से मिला और उन्हें कालोनी की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में ठाकरे मंडल के महामंत्री परमार के साथ मीडिया प्रभारी नितेश सोनी, दिलीप धाकड़, बीडी परमार, नारायणसिंह, संजय राठौड़, दिलीप गुजराती, गोपालसिंह, विनोद, सुनील, पवन प्रजापत, राजेश मीणा आदि शामिल थे। नई.

नईदुनिया 10/2/22

# कलेक्टर ने किया सवाल- जब हर घर से इकट्ठा किया जा रहा कचरा, तो शहर में क्यों है गंदगी के ढेर



## निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को किया निलंबित, 3 दिन में सुधार की दी चेतावनी

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को अच्छी रैंक दिलवाने के लिए सख्ती शुरु हो गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने लापरवाही के चलते नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल को निलंबित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली। इसमें स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत फरवरी माह में की गई व की जाने वाली गतिविधी की समीक्षा की। निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी शिकायतें आम लोगों से स्वच्छता एप या 14420 पर दर्ज करवाई जाएं तथा इनका निराकरण 24 घंटे के अंदर करवाया जाए।

सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने, दिन में सफाई मित्र कार्य करते करते पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी भी जताई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। साथ ही उन्होंने झोन प्रभारी व दरोगा से भी सवाल किया कि जब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तो शहर में कचरा एवं गंदगी क्यों दिखाई दे रही है। 3 दिवस में अपनी-अपनी व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा झोन प्रभारी एवं दरोगाओं पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। दबंग

### ये भी दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि भवन निर्माण के दौरान निकलने वाली ईंट, गिट्टी, मुरम आदि नागरिक नगर निगम के माध्यम से उठवायें। एसटीपी प्लॉंट के ट्रीटेड पानी का उपयोग भवन निर्माणकर्ता भवन निर्माण में उपयोग करें। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए. 75 माँईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किये जाने हेतु उन्होंने अभियान चलाए। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने संस्थान में ही गीले कचरे से खाद बनायें इसके लिये होटल, मैरिज गार्डन आदि संचालकों की बैठक ली जाए। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी आदि उपस्थित थे।

दबंग दुनिया 10/2/22

**स्वच्छ सर्वेक्षण समीक्षा**

सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर प्रशासक ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को किया निलंबित, अमले से कहा-काम ऐसा करों कि लोग तारीफ करें

# ढीले अमले पर गिरने लगी गाज

● रतलाम

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को उच्चतम रैंक दिलाने हेतु सर्वेक्षण के प्रत्येक मापदण्डों में अधिक से अधिक अंक प्राप्त हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर स्वच्छता हेतु कड़ी मेहनत करने के निदेश दिये।**



आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरूषोत्तम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत फरवरी माह में की गई व की जाने वाली गतिविधी जिओ मैपिंग, पॉलीथीन प्रतिबंध, उपभोक्ता प्रभार, प्रसंस्करण केन्द्रो का संधारण एवं रख रखाव, वैज्ञानितक लैंडफीट आदि की सिलसिलेवार समीक्षा की।

बैठक में उन्होने निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी षिकायत नागरिक स्वच्छता एप या 14420 पर दर्ज करायें इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि नागरिक इसका अधिक से अधिक उपयोग करें तथा षिकायत का निराकरण 24 घन्टे में किया जाये। भवन निर्माण के दौरान निकलने वाली ईंट, गिट्टी, मुरम आदि नागरिक नगर निगम के माध्यम से उठवायें इस हेतु फोन नम्बर जारी किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये।

## प्रतिदिन कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करें

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरूषोत्तम ने बैठक में निर्देशित किया कि सफाई मित्रों की उपस्थिति प्रत्येक वार्ड में बायोमैट्रिक फेस रिडिंग मशीन से दर्ज किये जाने के निर्देश दिये। वार्डों में सफाई कार्य के पर्यवेक्षण के लिये नियुक्त पर्यवेक्षकों निर्देशषत किया कि वे वार्डो में प्रातः 6 से 8 बजे तक भ्रमण कर सफाई मित्रों की उपस्थिति व दरोगा को सुपरवाईज करें तथा स्वच्छत संबंधी कार्य की रिपोर्ट प्रतिदिन 8 बजे प्रस्तुत करें। उन्होने निगम आयुक्त को भी निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन 2 घन्टे भ्रमण कर स्वच्छता कार्य का पर्यवेक्षण करें। उन्होने अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा कि शासकीय कर्मचारी में वह पावर होती है जो किसी ओर में नहीं होती यदि आप सिर्फयह ठान लें की मुझे अपने शहर के लिये कुछ अच्छा करना है, यह शहर आपका अपना शहर है आपको यहीं रहना है इसलिये अपने शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनायें। उन्होने कहा कि ऐसा कार्य करके दिखाएं की नागरिक स्वंय कहे कि शहर में स्वच्छता में बदलाव हुआ है।

उन्होने निर्देषित किया कि एसटीपी प्लॉट के ट्रीटेड पानी का उपयोग भवन निर्माणकर्ता भवन निर्माण में उपयोग करें इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये।

अग्निपथ 9

75 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किये जाने हेतु उन्होने अभियान चलाने व दुकानें सील करने की कार्यवाही के निर्देष दिये। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने संस्थान में ही गीले कचरे से खाद बनायें इसके लिये होटल, मैरिज गार्डन आदि संचालकों की बैठक 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की जाये। उन्होने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी अपने-अपने घरों में होम कम्पोस्टिंग करने के निर्देश दिये।

शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने, दिन में सफाई मित्र कार्य करते नहीं पाये जाने व उनके सफाई का रूट व एरिया निर्धारित नहीं किये जाने पर कलेक्टर एवं निगम पशासक ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के.जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया साथ ही उन्होने झोन प्रभारी व दरोगा को भी निर्देषित किया कि जब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तो षहर में कचरा एवं गंदगी क्यों दिखाई दे रही है 3 दिवस में अपनी-अपनी व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा झोन प्रभारी एवं दरोगाओं पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अग्निपथ 9/2/22

## 38 कर्मचारी अनुपस्थित, एक दिन का वेतन काटा

रतलाम | सफाई कर्मचारियों का लापरवाह रवैया ठीक नहीं हो रहा। अमले के जुटने के बाद गंदगी व कचरा मिलने की शिकायतें आने पर बुधवार को पर्यवेक्षकों ने सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक की शिफ्ट में चेकिंग की। 38 कर्मचारी बिना सूचना या अनुमति के गैरहाजिर मिले। जोन 1 में 19, जोन 2 में 10, जोन तीन में 5 और जोन चार में 4 कर्मचारी शामिल हैं। एक दिन का वेतन काट दिया है। भास्कर

दै. भास्कर 10/2/22

## 38 कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम. शहर के वार्डों में नगर निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया। इस दौरान 38 सफाई कर्मचारी नदारत मिले। इन सभी के वेतन काटकर निलंबन का नोटिस दिया गया है। पत्रिका

पत्रिका 10/2/22

## दो दिन में 11 अवैध नल कनेक्शन काटे

रतलाम | धोलावड़ डैम में पर्याप्त पानी होने के बावजूद गर्मी में क्यों परेशानी है। इसका कारण नल कनेक्शनों की चेकिंग में पता चला है। एक माह से चल रही चेकिंग में 32 अवैध नल कनेक्शन मिले हैं।

दो दिन में मोतीनगर, लक्कड़पीठा, ओसवाल नगर में 11 अवैध कनेक्शन मिले। जलप्रदाय अमले ने इन्हें तत्काल काट दिया। इनमें मंगलवार को लक्कड़पीठा के 5, ओसवाल नगर के 3 और बुधवार को मोतीनगर में 3 नल कनेक्शन काटे। जलप्रदाय अमला बकाया जलकर की वसूली तेजी कर रहा है। 9 फरवरी तक तीन लाख से ज्यादा की राशि जमा हो चुकी है। इनमें वसूली शिविर से 72 हजार, दल द्वारा 95250, काउंटर के 145935 रुपए शामिल हैं। भास्कर

दै. भास्कर 10/2/22

## महावीर नगर में आज निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधित करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड वार आयोजित वसूली शिविरो में वार्ड क्रमांक 22 के लिये 10 फरवरी को महावीर नगर में शिविर लगेगा। वहीं वार्ड 39, 40 व 41 के लिये 11 से 12 फरवरी तक पैलेस रोड तिराहा पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। नवभारत

नवभारत 10/2/22

## उद्यानों एवं स्मारकों की देखरेख हेतु बनाए नागरिक समूह

रतलाम। स्वच्छ भारत मिशन 2022 के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार शहर में स्थापित महापुरूशों की प्रतिमा स्थल व उद्यानों देख रेख एवं साफसफाई हेतु पृथक-पृथक नागरिक समूह बनाये जाकर साफ सफाई रखी जाकर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाई जा रही है। शहर में स्थापित जवाहर लाल नेहरू, डॉक्टर बी.आर.अम्बेडकर, महाराणा प्रताप, बापू उद्यान एवं उसमे स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं रविन्द्रनाथ टैगोर प्रतिमा की देख-रेख व साफ सफाई हेतु नागरिक समूहों का गठन किया जाकर डवन् भी हस्ताक्षर करवाये गया व स्मारकों एवं उद्यानों को हमेशा साफस्वच्छ रखा जा रहा है व कई तरह के सफाई कार्यक्रम करवाये जा रहे हैं।

अग्निबाण

अग्निबाण 9/2/22

## उद्यानों एवं स्मारकों की देखरेख के लिए बनी समिति

रतलाम। स्वच्छ भारत मिशन 2022 के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निदेशानुसार शहर में आम लोगों की समितियां बनेंगी। प्रतिमा स्थल व उद्यानों देख रेख एवं साफ सफाई का ध्यान रखेंगी। शहर में स्थापित जवाहर लाल नेहरू, बी. आर. अम्बेडकर, महाराणा प्रताप, बापू उद्यान एवं उसमे स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं रविन्द्रनाथ टैगोर प्रतिमा की देख-रेख व साफ-सफाई हेतु नागरिक समूहों का गठन किया। हस्ताक्षर करवाये गय व स्मारकों एवं उद्यानों को हमेशा साफ स्वच्छ रखा जा रहा है। समय समय पर जन जागरूकता हेतु यहां कई तरह के सफाई कार्यक्रम करवाये जा रहे हैं।

दबंग

दबंग 10/2/22

## उद्यानों एवं स्मारकों की देखरेख हेतु बनाये नागरिक समूह

रतलाम। शहर में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमा स्थल व उद्यानों देख रेख एवं साफ सफाई हेतु पृथक-पृथक नागरिक समूह बनाये जाकर साफ-सफाई रखी जाकर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाई जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन 2022 के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार समूहों का गठन किया गया है। शहर में स्थापित जवाहर लाल नेहरू, डॉक्टर बीआर अम्बेडकर, महाराणा प्रताप, बापू उद्यान एवं उसमे स्थित महात्मा गांधीजी की प्रतिमा एवं रविन्द्रनाथ टैगोर प्रतिमा की देख-रेख व साफ-सफाई हेतु नागरिक समूहों का गठन किया जाकर एमओयू भी हस्ताक्षर करवाये गय व स्मारकों एवं उद्यानों को हमेशा साफ स्वच्छ रखा जा रहा है व समय समय पर जन जागरूकता हेतु यहां कई तरह के सफाई कार्यक्रम करवाये जा रहे हैं। नवभारत

नवभारत 10/2/22

# गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए बुधवार को वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पर्यवेक्षकों को वार्ड को कचरा मुक्त बनाने के लिए सुबह 6 से 8 बजे तक निरीक्षण करने, कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से कचरा उठाने, अनुपस्थित सफाई मित्रों की रोजाना रिपोर्ट देने, वाल पेंटिंग की जानकारी देने को कहा। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मो. हनीफ शेख, सत्यप्रकाश आचार्य, लेखापाल जगदीश पांचाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि मौजूद रहे।

दै. भास्कर 10/2/22

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों की कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने की समीक्षा

**- स्वच्छता संबंधी शिकायत के लिये नागरिक स्वच्छता एप या 14420 का करे उपयोग - प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल निलंबित**

सिंघम रिपोर्टर ❐ रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को उच्चतम् रैंक दिलाने हेतु सर्वेक्षण के प्रत्येक मापदण्डों में अधिक से अधिक अंक प्राप्त हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर स्वच्छता हेतु कड़ी मेहनत करने के निर्देष दिये।

आयोजित बैठक में क्लेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरूषोत्तम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत फरवरी माह में की गई व की जाने वाली गतिविधी जिओ मेंपिंग, पॉलीथीन प्रतिबंध, उपभोक्ता प्रभार, प्रसंस्करण केन्द्रो का संधारण एवं रख रखाव, वैज्ञानितक लैंडफीट आदि की सिलसिलेवार समीक्षा की।

बैठक में उन्होने निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी शिकायत नागरिक स्वच्छता एप या 14420 पर दर्ज करायें इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि नागरिक इसका अधिक से अधिक उपयोग करें तथा शिकायत का निराकरण 24 घन्टे में किया जाये। भवन निर्माण के दौरान निकलने वाली ईंट, गिट्टी, मुरम आदि नागरिक नगर निगम के माध्यम से उठवायें इस हेतु फोन नम्बर जारी किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि एसटीपी प्लॉट के ट्रीटेड पानी का उपयोग भवन निर्माणकर्ता भवन निर्माण में उपयोग करें इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये।

75 माईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किये जाने हेतु उन्होने अभियान चलाने व दुकानें सील करने की कार्यवाही के निर्देष दिये। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने संस्थान में ही गीले कचरे से खाद बनायें



इसके लिये होटल, मैरिज गार्डन आदि संचालकों की बैठक 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की जाये। उन्होने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी अपने-अपने घरों में होम कम्पोस्टिंग करने के निर्देष दिये। शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने, दिन में सफाई मित्र कार्य करते नहीं पाये जाने व उनके सफाई का रूट व एरिया निर्धारित नहीं किये जाने पर कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया साथ ही उन्होने झोन प्रभारी व दरोगा को भी निर्देषित किया कि जब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तो शहर में कचरा एवं गंदगी क्यों दिखाई दे रही है 3 दिवस में अपनी-अपनी व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा झोन प्रभारी एवं दरोगाओं पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने बैठक में निर्देशित किया कि सफाई मित्रों की उपस्थिति प्रत्येक वार्ड में बायोमैट्रिक फेस रिडिंग मषीन से दर्ज किये जाने के निर्देश दिये। वार्डो में सफाई कार्य के पर्यवेक्षण के लिये नियुक्त पर्यवेक्षकों निर्देशित किया कि वे वार्डो में प्रातः 6 से 8 बजे तक भ्रमण कर सफाई मित्रों की उपस्थिति व दरोगा को सुपरवाईज करें तथा स्वच्छत संबंधी कार्य की रिपोर्ट प्रतिदिन 8 बजे प्रस्तुत करें। उन्होने निगम आयुक्त श्री झारिया को भी निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन 2 घन्टे भ्रमण कर स्वच्छता कार्य का पर्यवेक्षण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य, लेखापाल जगदीश पांचाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री अनवर कुरेशी, सुहास पंडित, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी सहित झोन प्रभारी, नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे। सिंघ-9

सिंघम टाईम्स 9/2/22

# नए नियमों के तहत वैध की जाएगी अवैध कॉलोनी : काश्यप

## कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन सौंपा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

प्रताप नगर ओव्हर ब्रिज के समीप धानासुता रोड़ पर विकसित अवैध कॉलोनी को वैध किया जाए। यह मांग कॉलोनीवासियों ने विधायक चेतन्य काश्यप को ज्ञापन सौंपकर की। श्री काश्यप ने आश्वस्त किया कि ने नियमों के तहत अवैध कॉलोनी को वैध किया जाएगा, इसकी कार्यवाही जल्द आरंभ होगी।

कॉलोनीवासियों का प्रतिनिधि मंडल भाजपा के मंडल महामंत्री राकेश परमार के नेतृत्व में विधायक श्री काश्यप से मिला और उन्हें कॉलोनी की समस्याओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधि मंडल में ठकरे मंडल के महामंत्री श्री परमार के साथ मीडिया प्रभारी नितेश सोनी, दिलीप धाकड़, बी.डी. परमार, नारायणसिंह,



संजय राठेड़, दिलीप गुजराती, गोपाल सिंह, विनोद, सुनिल, पवन प्रजापत, राजेश मीणा आदि शामिल थे। प्रसारण

प्रसारण 10/2/22

निगम के पास नहीं है एक भी एक्सपर्ट

# शहर में फायर से लेकर ऑक्सीजन प्लांट की जांच का अधिकार मिला, जांच करने वाला नहीं

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शासन ने नगर निगम को होटल में फायर सेफ्टी प्रणाली से लेकर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की जांच का अधिकार दिया है। नगर निगम ने अब तक एक भी होटल या किसी भी ऑक्सीजन प्लांट की जांच नहीं की है। इसकी बड़ी वजह यह है कि अधिकार तो शासन ने दे दिए है, लेकिन निगम के पास इन मामलों की जांच के लिए एक भी एक्सपर्ट नहीं है। जब इस मामले में सवाल उठाया गया तो जवाब दिया जा रहा है कि एक्सपर्ट रखा जाएगा।

शहर में फायर सेफ्टी, लिफ्ट मैनेजमेंट, अस्पाताल में ऑक्सीजन प्लांट आदि की जांच समय - समय पर किया जाना जरूरी है। नियम कहता है कि हर तीन माह में यह जांच हो व इसकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाए। इतना ही नहीं, जहां कमी पाई जाए, उसको एक सप्ताह में दूर करवाया जाए। इसके विपरीत हालात शहर में है।

## ऐसी है शहर में फिलहाल स्थिति

**दमकल विभाग -** शहर में नगर निगम का अपना स्वयं का दमकल विभाग है। इसमे जो कर्मचारी है, इनमे से किसी ने फायर सेफ्टी का कोर्स नहीं किया है। ऐसे में जब - जब आग लगती है तब उस पर काबू पाकर तो कर्मचारी आ जाते है, लेकिन कभी भी किसी होटल, निजी अस्पताल में इस बात की जांच नहीं होती है कि वहां आग से बचने के लिए जो संसाधन है, उसको चलाना भी किसी को आता है या नहीं।

**सीवरेज -** शहर में सीवरेज व पानी के ट्रीटमेंट के लिए काम चल रहा है। इससे जुड़े विषय की पढ़ाई देश में सिर्फ पांच स्थान पर होती है। निगम में जो अधिकारी इन व्यवस्थाओं को देख रहे है, उनमे से किसी ने इसकी पढ़ाई या कोर्स नहीं किया है।

**ऑक्सीजन प्लांट -** शहर में रेलवे अस्पताल, जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट है। इसकी समय - समय पर जांच का अधिकार निगम को है। लेकिन निगम के किसी अधिकारी ने अब तक जांच इसलिए नहीं की, क्योंकि इसकी तकनीकी पढ़ाई का अभाव है।

## होती है आग की घटनाएं

शहर में जब बड़ीं आगजनी की घटनाएं होती है तब - तब जांच से लेकर लापरवाही सामने आने पर जुर्माना लगाने के दावे होते है, लेकिन निगम के पास स्वयं का फायर एक्सपर्ट ही नहीं है।

## हम हायर करेंगे

फायर एक्सपर्ट व ऑक्सीजन प्लांट सहित अन्य मामलों में जांच का अधिकार का नियम का संज्ञान है। इस मामले में हम जल्दी ही एक्सपर्ट हायर करने जा रहे है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 10/2/22

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2022** • इस बार 7500 अंक का होगा सर्वेक्षण, नई गाइडलाइन के अनुसार तैयारी कर रहा नगर निगम

# कोरोना महामारी ने आगे बढ़ाई सफाई की परीक्षा अब मार्च माह में होगी, बिना बताए सर्वे करेगी टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम



फरवरी में होने वाला स्वच्छ सर्वेक्षण मार्च में होगा। कोरोना महामारी ने सफाई की सालाना परीक्षा को आगे बढ़ा दिया है। पहले 1 से 28 फरवरी के बीच सर्वेक्षण होना था, जिसे स्थगित कर 1 से 28 मार्च तक की नई समय सीमा दी है। दिक्कत यह है कि पिछले साल की तरह इस बार भी टीम बिना बताए गुपचुप सर्वे करने आएगी। इन सबसे इतर 7500 अंक के सर्वेक्षण के लिए नगर निगम नई गाइडलाइन के अनुसार तैयारियों में जुटा है। अतिरिक्त एक माह मिलने से कई इनोवेशन कर रहा है। अफसर शहर को सफाई के मामले में टॉप सिटी की लिस्ट में लाने का टारगेट लेकर काम कर रहे हैं। सर्वेक्षण के प्रत्येक भाग पर फोकस करते हुए अंक बढ़ाने की तरकीब लगाई जा रही है। 2021 के सर्वे में सामने आई खामियों को ध्यान में रखकर मैदानी अमले से काम लिया जा रहा है। 2021 के सर्वेक्षण में 1 से 10 लाख तक की आबादी वाले 372 शहरों में नगर निगम की 42वीं रैंक बनी थी।

## उम्मीद बेहतरी की... अंक बढ़ाने के लिए अब तक ये कदम उठा चुके हैं



• **कचरा निपटा** - जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर फिर से विंड्रो पद्धति से कंपोस्ट खाद बनना शुरू हो गई है। यह गिले कचरे से बनाई जा रही है। पहला बेच जल्द बन जाएगा। इसका उपयोग निगम बगीचों में करेगा। सूखे का निपटान छांट-बीनकर, कबाड़ा व अन्य सामान बेचकर किया जा रहा है।

• **नालों की सफाई** - पांच दिन से नालों की सफाई शुरू कर दी है। अब तक लक्कड़पीठा, जाटों वास, राजेंद्र नगर नाले साफ कर दिए हैं। बुधवार को संत रविदास चौराहा नाका और शिवनगर नाले की सफाई की। 22 फरवरी तक सभी से कचरा निकालना है।

• **मॉनिटरिंग** - सफाई कर्मचारियों और दरोगा की मनमानी कार्यशैली पर लगाम लगाने निगम के 25 अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाया है। एक को दो वार्ड की जिम्मेदारी दी है। सभी सुबह 6 बजे जाकर फिल्ड में कर्मचारियों की उपस्थिति और काम की स्थिति चेक कर रहे हैं। 8 बजे रिपोर्ट देना पड़ती है।



• **आर्ट पेंटिंग** - 2 फरवरी से काम शुरू हो गई है। 20 लाख में होने वाले आर्ट पेंटिंग से शहर को सफाई की परीक्षा के लिए सजाया जाएगा। इनमें नए स्थानों के साथ सामुदायिक शौचालय और खासतौर पर प्राचीन पेयजल स्त्रोंतों की भी रंगाई-पुताई होगी।

• **जीपीएस** - मॉनिटरिंग के लिए डोर टू डोर कचरा गाड़ियों में नए जीपीएस लगा दिए हैं। कंट्रोल रूम फायर ब्रिगेड कार्यालय में बनाया है, जो वाहन तय रूट पर नहीं चलेगा, उसके ड्राइवर और हेल्पर पर कार्रवाई की जाएगी।

• **बाहरी कंपनी की मदद** - सफाई के मामले में पांच साल से देश में नंबर वन आ रहे इंदौर की तरह सफाई व्यवस्था बनाने नगर निगम ने इंदौरी कंपनी को ठेका दिया है। उसके 56 कर्मचारियों ने वार्ड से लेकर एसबीएम शाखा तक कमान संभाल ली है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अंकों का गणित

• सर्विस लेवल प्रोग्रेस (3000 अंक) - सेग्रिगेशन कलेक्शन, प्रोसेसिंग एंड डिस्पोसल, सफाई मित्र सुरक्षा, डिजीटल ट्रेकिंग

• सिटीजन वाइस (2250 अंक) - फीडबेक, एंगेजमेंट, एक्सपीरिएंस, स्वच्छता एप, डिस्साटर, एपीडेमिक रिस्पांस, वाइस ऑफ फ्रीडम फाइटर, इनोवेशन

• सर्टिफिकेशन (2250 अंक) - जीएफसी स्टार रेटिंग (1250 अंक), ओडीएफ प्लस/डबल प्लस/वाटर प्लस (1000)

### पांच सालों में शहर की रैंकिंग

| साल | रैंक/शहर |
|---|---|
| 2016 | 79/- |
| 2017 | 48/500 |
| 2018 | 72/4203 |
| 2019 | 62/6000 |
| 2020 | 49/4242 |
| 2021 | 42/372 |

### नए प्रयोग करेंगे

*हमारा टारगेट शहर को देश के टॉप सिटी में शामिल करवाना है। हर एक मापदंड के लिए अनुसार हरसंभव तैयारी की जा रही है। आगामी दिनों में कुछ और नए प्रयोग देखने को मिलेंगे। पिछले साल की खामियों दूर करते हुए बहुत सारी योजनाओं पर काम चल रहा है।*

**सोमनाथ झारिया,** आयुक्त

भास्कर

दै. भास्कर 10/2/22

# इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कोई भी निकाय हंड्रेड से बाहर नहीं रहे

## कलेक्टर ने नगरपालिका अधिकारियों की बैठक आयोजित की

रतलाम। इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में जिले का कोई भी नगरीय निकाय 100 से बाहर नहीं रहे, यह सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में दिए। परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों से उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी अधिकारी मेहनत के साथ कार्य करें। इस फरवरी तथा मार्च में किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। बैंकों से लक्ष्य पूर्ति के लिए कोई भी समस्या अपने एसडीएम के साथ शेयर करें, वहां से हल नहीं होने पर कलेक्टर स्तर से बात की जाए।

स्वच्छता रैंकिंग पर चर्चा के दौरान नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को 3 स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास हेतु निर्देशित किया। सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रातः 6.00 से 8.00 तक भ्रमण करके फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा इस दौरान डोर-टू-डोर वाहन कचरा कलेक्शन, कचरा प्रथकीकरण, प्लांट स्थापना, कंपोस्ट निर्माण, डस्टबिन इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इसके अलावा नगरीय निकायों में स्वयं सहायता समूह के गठन, प्रधानमंत्री स्वनिधि, सीएम स्ट्रीट वेंडर योजना की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई।

उपमहद

उपमहद 10/2/22